कैबिनेट ने हूडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम के साथ स्पर से द्वारका एक्सप्रेसवे तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंज़ूरी दी

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक स्पर (साइड लाइन) के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम तक 28.50 किमी. की दूरी तय करने वाली मेट्रो कनेक्टिविटी को मंज़ूरी दी है। इस मार्ग में 27 स्टेशन होंगे।

प्रमुख बिंदु

- इस परियोजना को पूरी करने की कुल लागत 5,452 करोड़ रुपए होगी। यह 1435 एमएम (5 फीट 8.5 इंच) की एक स्टैंडर्ड गेज लाइन होगी।
- पूरी परियोजना एलीवेटेड होगी। बसई गाँव से डिपो तक कनेक्टिविटी के लिये स्पर दिया गया है।
- परियोजना को मंज़ूरी की तिथि से चार वर्ष में पूरा करने का प्रस्ताव है और इसे हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जाना है ।
- इसे मंज़ूरी आदेश जारी होने के बाद भारत सरकार और हरियाणा सरकार के 50:50 स्पेशल परपस व्हीकल (एसपीवी) के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- विदित है कि अब तक पुराने गुरुग्राम में कोई मेट्रो लाइन नहीं है। इस लाइन की मुख्य विशेषता न्यू गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ना है। यह नेटवर्क भारतीय रेलवे स्टेशन से जुड़ जाएगा। अगले चरण में, यह आईजीआई हवाई अड्डे के लिये कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह क्षेत्र में समग्र आर्थिक विकास भी प्रदान करेगा।

गलियारे का नाम	**लंबाई (किमी. में)**	**स्टेशन की संख्या**	**एलीवेटेड / अंडरग्राउंड**
हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी सेंटर-मुख्य गलियारा	26.65	26	एलीवेटेड
बसई गाँव से द्वारका एक्सप्रेसवे-स्पर	1.85	01	एलीवेटेड
कुल	**28.50**	**27**	



दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-metro-connectivity-from-huda-city-centre-to-cyber-city,-gurugram-with-a-spur-to-dwarka-expressway